आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 05.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के लिए खतरनाक और अन्य अपशिष्ट नियम, 2016 अधिसूचित किए हैं।
- शिक्षा विभाग की ओर से सेवारत शिक्षकों के लिए 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है।
- पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर एक साथ 'वॉटर बाउल अभियान' की शुरुआत की गई है।
- अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

<><><><><><>

भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने खतरनाक और अन्य कचरे के सुरक्षित प्रबंधन के लिए खतरनाक और अन्य अपशिष्ट (प्रबंधन और सीमा पार संचलन) नियम, 2016 अधिसूचित किए हैं। इन नियमों के तहत, खतरनाक कचरे को उत्पन्न करने वाले, उसका रख–रखाव करने वाले, संग्रहकर्ता, प्राप्तकर्ता, प्रसंस्करणकर्ता और परिवहनकर्ता को कचरे का उचित भंडारण, पुनः उपयोग, पुनर्चक्रण, उपयोग और निपटान सुनिश्चित करने को कहा गया है। ऐसी सभी संस्थाओं को नियमों के तहत प्राधिकरण प्राप्त करना आवश्यक है। साथ ही, जल और वायु अधिनियमों के तहत स्थापना की सहमति और संचालन की सहमति प्राप्त करना भी अनिवार्य है। द्वीपसमूह के भीतर ऐसी गतिविधियों में लगी सभी इकाइयों को ANPCC के ऑनलाइन पोर्टल www.anocmms.nic.in के माध्यम से आवश्यक प्राधिकरण प्राप्त करना होगा। उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। अंडमान निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने सभी हितधारकों से निर्धारित नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

<><><><><><>

शिक्षा विभाग, अपने सेवारत शिक्षकों के लिए 'क्षमता निर्माण कार्यक्रम' का आयोजन कर रहा है। 19 जून तक चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्घाटन कल शिक्षा सचिव एल. कुमार ने किया। इस अवसर पर शिक्षा निदेशक केशव नरेंद्र सिंह और विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। शिक्षा सचिव ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली की बदलती मांगों को पूरा करने के लिए शिक्षकों के निरंतर व्यावसायिक विकास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने युवाओं के भविष्य को आकार देने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। शिक्षा निदेशक ने कार्यक्रम के उद्देश्यों को साझा करते हुए द्वीपों के स्कूलों में शिक्षण प्रथाओं को मजबूत करने और सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने के प्रति विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रशिक्षण मुख्य रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप प्रभावी शिक्षण रणनीतियों, शिक्षार्थी–केंद्रित दृष्टिकोण, नवीन शिक्षण पद्धति और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर केंद्रित है। इसमें द्वीपसमूह के विभिन्न स्कूलों के कुल 2,598 शिक्षक भाग ले रहे हैं।

<><><><><><><><>

पहाड़गांव थाना पुलिस ने 3 गांजे के पौधे जब्त कर एक व्यक्ति को एनडीपीएस अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस को नशीले पदार्थों की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी साहिल शमशुद्दीन के नेतृत्व में एक टीम गठित आरोपी के घर की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस को 37 ग्राम के तीन गांजा के पौधे मिले। पश्चिम बंगाल निवासी 34 वर्षीय तारापद राउल को कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

इसी तरह का अभियान चलाते हुए हट बे पुलिस थाना की टीम ने 120 ग्राम के 15 अवैध गांजे के पौधे बरामद कर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर प्रीतम बिहारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर बिधान सना के घर की तलाशी ली गई और गांजा बरामद किया गया। यह पूरा अभियान दक्षिण अंडमान जिला पुलिस अधीक्षक नियति मित्तल की निगरानी में चलाया गया।

<><><><><><><><>

पशुपालन और पशु चिकित्सा सेवा विभाग की ओर से विभिन्न स्थानों पर एक साथ 'वॉटर बाउल अभियान' की शुरुआत की गई है। यह अभियान द्वीपों के विभिन्न सरकारी प्राथमिक स्कूलों सहित प्रमुख स्थानों पर शुरू किया गया है। दो सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान का लक्ष्य स्कूली बच्चों और आम जनता के बीच गर्मियों में आवारा पशुओं और पक्षियों के प्रति दया भाव जगाना और जागरूकता फैलाना है।

विभाग ने सभी नागरिकों, पंचायतों, शैक्षणिक संस्थानों, दुकानदारों, बाजार संघों और निवासियों से इस नेक पहल में भाग लेने की अपील करते हुए अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों, बाजारों और सार्वजनिक स्थानों पर पानी के बर्तनों को नियमित रूप से साफ और ताजे पानी से भरने को कहा, ताकि आवारा पशुओं की प्यास बुझ सके।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार राज्य ओलंपिक संघ की ओर से मई–जून माह में जिला और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। श्री विजयपुरम में आयोजित होने वाले जिला जूनियर रग्बी 7 फुटबॉल चैंपियनशिप 30 मई को खेली जाएगी, जिसके पंजीकरण की अंतिम तिथि 29 मई है। इसके अलावा बैडमिंटन हाई परफॉर्मेंस कोचिंग कैंप के लिए 14 मई, जिला बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए 29 मई, ओपन सीनियर स्टेट रग्बी 7 चैंपियनशिप के लिए 5 जून, और जिला योग चैंपियनशिप के लिए 12 जून तक पंजीकरण किया जा सकता है। इच्छुक प्रतिभागी संघ से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खेल एवं युवा मामले निदेशालय की ओर से 45–दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल कोचिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर कल से 20 जून तक नेताजी खेल परिसर में चलेगा।

<><><><><><><>

कैंपबेल बे के राजीव नगर, में कल आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैंपबेल बे के सहायक आयुक्त शिवम ताशी धावा और सीटीसी के अध्यक्ष बरनबास मंजू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ विभिन्न ग्राम कैप्टन भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीना नासिर के पर्यवेक्षण में आयोजित किया गया। यह शिविर टीबी मुक्त भारत अभियान के 100 दिवसीय विशेष अभियान के तहत आयोजित किया गया था। इस दौरान कैंपबेल बे खंड की संवेदनशील आबादी की स्क्रीनिंग की गई। टीबी के जल्द पता लगाने और प्रभावी नियंत्रण को सुनिश्चित करने के लिए, इस आउटरीच स्क्रीनिंग अभियान का विस्तार अब सुदूरवर्ती क्षेत्रों में भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग, कार निकोबार की ओर से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान स्कूली छात्रों के लिए कौशल–आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया गया हैं। छात्रों को व्यावसायिक कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस पहल की शुरुआत कल राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सवई में हुई। यह प्रशिक्षण तीन क्लस्टर संसाधन केंद्रों में चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जा रहा है। शिविर में छात्रों को प्लंबिंग, इलेक्ट्रीशियन, बढ़ईगिरी, स्थानीय शिल्प निर्माण जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उद्योग विभाग और आईटीआई, कार निकोबार इस कार्यक्रम के लिए तकनीकी विशेषज्ञ और प्रशिक्षक प्रदान कर रहे हैं।

<><><><><><><>

समाचार पत्रों की सुर्खियां

अंडमान निकोबार प्रशासन ने पानी के भीतर तिरंगा फहराकर बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड– उप–राज्यपाल भी गोताखोरी दल का हिस्सा बने द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार की बड़ी खबर है। इसके अलावा अखबार ने पूर्व एयर चीफ मार्शल आर के एस भदौरिया के ग्रेट निकोबार परियोजना के सामरिक महत्व का समर्थन करने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। सांसद के पुलिस भर्ती में कुछ पदों के लिए आयु सीमा मानदंड की समीक्षा करने के आग्रह के समाचार को भी अखबार ने अपने पहले पन्ने में छापा है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने द्वीपों में ई–वाहनों की उल्लेखनीय वृद्धि के समाचार को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। इंफो इंडिया ने जेएनआरएम में एनसीसी कैडेटों का रैंक समारोह के समाचार को अपना हेडलाइन बनाया है, जबकि प्रदेश भाजपा ने द्वीपसमह में पश्चिम बंगाल की बड़ी जीत को लेकर जश्न मनाने के समाचार को द इको ऑफ इंडिया में जगह मिली है।

<><><><><><><>